सार-समाचार

पांच दिवसीय गणपति महोत्सव 7 से

राजसमन्द, ०(निसं)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर परिषद राजसमंद की ओर से प्रतिवर्ष अरविंद स्टेडियम राजनगर में आयोजित किए जाने वाले पांच दिवसीय गणपति महोत्सव का शुभारंभ इस बार 7 सितंबर को होगा। नगर परिषद सभापति अशोक टांक ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ पहले दिन 7 सितंबर को गाजे-बाजे व धूमधाम से शोभायात्रा के साथ परिषद के गणपति महोत्सव एवं राजनगर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए जाने वाली गणपति प्रतिमाओं को लाया जाएगा। शोभायात्रा राजनगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहा फव्वारा चौक से शुरू होकर राजनगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल अरविंद स्टेडियम तक पहुंचेगी। इसके बाद शुभ मुहूर्त में सभी प्रतिमाओं की स्थापना विधि-विधान से की जाएगी। इसके साथ ही महोत्सव के अंतिम दिन 11 सितंबर को अरविंद स्टेडियम से राजनगर के मुख्य मार्गो से होकर विभिन्न झांकियां और प्रस्तुतियों के साथ गणपति प्रतिमाओं की शोभा निकाल कर विधि विधान से विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव को लेकर अरविंद स्टेडियम में स्टेज और पंडाल आदि का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही डेकोरेशन, पेयजल व बिजली आदि को लेकर भी तैयार है जोरों पर चल रही है।पहले दिन 7 सितंबर की रात को गवरी नृत्य का आयोजन होगा। इसमें किशन पनोतिया ग्रुप एवं राजनगर की गवरी के कलाकार परंपरागत गवरी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 8 सितंबर को दूसरे दिन भजन संध्या होगी जिसमें भगवत सुथार एवं मधुबाला राव उदयपुर एंड पार्टी डांस ग्रुप और झांकियों के साथ प्रस्तुतियां देंगे।

नाबालिग ने चुराया मंगलसूत्र

डूंगरपुर, (निसं)। नाबालिग घर पर काम मांगने आई थी और पोछा करते हुए सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को डिटेन कर लिया है। कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक नाबालिग लडकी को डिटेन किया है। नाबालिग घर पर काम मांगने आई थी और पोछा करते हुए सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को डिटेन कर लिया है। वहीं उससे चोरी हुआ मंगलसूत्र भी बरामद कर लिया है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि विद्या जैन पत्नी हेमंत जैन निवासी जयहिंद नगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि 18 अगस्त को उनके घर पर एक लडकी आई और काम मांगने लगी। लडकी ने बताया कि उसके माता पिता नहीं हैं। सोनिया चौक में रहती है। इसलिए उसे काम की जरूरत है और झाडू पोछा का काम कर देगी। विद्या देवी ने उसकी बात सुनकर उसे काम दे दिया। लडकी ने घर में झाडू पोछा करते समय कमरे में पडा मंगलसूत्र चोरी कर लिया। काम करने के बाद लडकी चली गई,लेकिन जब उसे मंगलसूत्र नहीं मिला तो उसने लडकी के मोबाइल पर फोन किया। लडकी का फोन भी बंद आने पर उसे शक हुआ। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शक के आधार पर नाबालिग को डिटेन कर पूछताछ की। जिस पर उसने मंगलसूत्र चोरी की वारदात कबूल कर ली। वहीं उससे चोरी किया मंगलसूत्र भी बरामद कर लिया है।

मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस दोनों ही आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि रेखा पत्नी सूर्यप्रकाश रोत निवासी भंडारिया फला उपला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि 22 जुलाई की शाम के समय उसके पति सूर्यप्रकाश रोत मजदूरी कर वापस घर आ रहे थे। रास्ते में जोगेला तालाब के पास 2 बदमाशों ने उसे रोक दिया। बदमाशों ने उसे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर बदमाशों ने उसके पति के साथ मारपीट की। जिससे उन्हें चोंट आई। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में छानबीन करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दुर्जन उर्फ अर्जुन पुत्र कानजी रोत निवासी भंडारिया और सुरेश उर्फ टकला पुत्र जयंतीलाल रोत निवासी भंडारिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

साधारण सभा की बैठक आज

भीम, (निसं)। नगर पालिका मंडल की साधारण सभा गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे पालिका सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष यशोदा कंवर की अध्यक्षता में आयोजित होगी। अधिशासी अधिकारी विजय मंत्री ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न पार्कों का विकास सौंदर्य कारण एवं नवीनीकरण नवीन पार्क के विकास, बस स्टैंड परिसर में नवीन सीसी चौक निर्माण हाई मास्ट लाइट एवं अन्य विकास कार्य ,यात्री प्रतीक्षालय के पास नगर पालिका की पुरानी जर्जर दुकानों को गिराया जाकर पालिका की रिक्त भूमि पर नवीन दुकानों का निर्माण एवं नीलामी के द्वारा दुकानों के विक्रय किए जाने पर प्रस्ताव लिए जाएंगे। नगर पालिका स्वामित्व की दुकान केबिन एवं कोटा जो किराए पर चल रहे हैं उनका नवीनीकरण किराया निर्धारण किया जाएगा नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न श्मशान घाट का विकास विभिन्न वार्डों में आवश्यकता अनुसार नवीन सडकों एवं नाली निर्माण आदि विकास कार्यों पर प्रस्ताव लिए जाएंगे।

हादसे में छह ऊंटों की मौत

उदयपुर, (कासं)। रात के समय पैंथर को देख कर भागे छह ऊंट वाहनों की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भेसड़ा खुर्द डेडरों की ढाणी प्रतापनगर निवासी गणेशलाल पुत्र हाद्वन रेबारी दो अगस्त को तीस से पैतीस ऊटों के चरने के लिए देबारी क्षैत्र में ले गया था, जहां रात के समय में पैंथर को देख जान बचाकर ऊंट वहां से भागे। इस दौरान वाहनों के चपेट में आने से छह ऊंटों की मौत हो गई।

नगर परिषद के निर्माणाधीन सभागार का निरीक्षण किया

राजसमन्द, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बुधवार को राजसमंद नगर परिषद के निर्माणाधीन नगर सभागार का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान कार्यकारी एजेंसी रूडिसिको और नगर परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य की प्रगति का पूर्ण संज्ञान लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सम्पूर्ण परियोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण किया जाए और मानक गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि नगर सभागार का

■ नवरात्रि के गरबा नृत्य की तैयारियों का किया अवलोकन

निर्माण जनता के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है और इसके समय पर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण होने से क्षेत्र के नागरिकों को एक आधुनिक और सुविधाजनक सभागार का लाभ मिलेगा। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी, रूडिसिको के प्रतिनिधि और मण्डल के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने निर्माण की गति और गुणवत्ता को लेकर विधायक के निर्देशों का समर्थन किया और उनके मार्गदर्शन में कार्य को समय पर पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता रूडिसिको अरविंद माथुर, नगर परिषद अधिशाषी अभियंता तरुण बाहेती, कनिष्ठ अभियंता रूडिसिको

राजसमंद में अधिकारियों के साथ नगर परिषद के निर्माणाधीन नगर सभागार का निरीक्षण करती विधायक दीप्ति माहेश्वरी एवं मौजूद अधिकारी व कर्मचारी।

वरुण डाबला, मंडल अध्यक्ष सुभाष पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र टेलर, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, उपाध्यक्ष भगवानलाल कुमावत, पार्षद सूर्यप्रकाश जांगिड, महामंत्री लक्ष्मण मौर्य, कैलाश कुमावत, कुलदीप सिंह गौड, शैतानसिंह, विनोदसिंह राणावत, कस्तूर रेवडिया, नाथू सिंगलवाल, नाथूलाल पदानिया, शंकर पदानिया, हरीश कुमावत सहित अन्य कार्यकर्ताओं मौजूद थे।नवरात्रि के पावन पर्व पर आदिशक्ति मां अम्बे माता की स्तुति में होने वाले गरबा नृत्य की तैयारियों के सिलसिले में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बडारडा निवासी हेमलता कुमावत एवं खुशी कुमावत द्वारा संचालित जय अम्बे गरबा क्लास का अवलोकन किया। इस दौरान विधायक ने गरबा क्लास में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही माताओं और बहिनों का गरबा नृत्य देखा और उनके समर्पण एवं उत्साह की सराहना की। उन्होंने नृत्य में भाग ले रही महिलाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक ने इस दौरान प्राप्त स्वागत और सम्मान के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल हमारी परंपराएं सजीव रहती हैं बल्कि महिलाओं को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का प्रोत्साहन भी मिलता है। विधायक ने जय अम्बे गरबा क्लास के संचालकों हेमलता कुमावत और खुशी कुमावत को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बुधवार को राजसमंद के नगरीय क्षेत्र में शोक संतप्त परिवारों के घर जाकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक ने परिवारों के दुख में सहभागी बनते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और सद्गति के लिए प्रार्थना की। अपने दौरे के दौरान विधायक ने शोकाकुल परिवारों से भेंट कर उनके दुख को साझा किया। उन्होंने परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज उनके साथ खडा है और ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिवारजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।

कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन सौंपा

कपासन, (निसं)। पशुओं की समस्या के समाधान को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें आवारा पशुओं को गोशाला पहुंचाने और पशुओं को सडकों पर छोडने वाले पशुपालकों को भी पाबंद करने की मांग की गई। पशुओं की समस्या के समाधान को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आवारा पशुओं को गोशाला पहुंचाने और पशुओं को सडकों पर छोडने वाले पशुपालकों को भी पाबंद करने की मांग की गई। नगर कांग्रेस प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे और पशुओं की समस्या के समाधान के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

"गुड टच-बैड टच" व सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी

डूंगरपुर, (निसं)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय महिला अधिकारिता के निर्देशानुसार संकल्प-100 दिवसीय विशेष जन जागरूकता अभियान के तहत् महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बुधवार को "कानूनी जागरूकता सप्ताह" के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चितरी ब्लॉक गलियाकोट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

डीएचईडब्ल्यू के जेंडर स्पेशलिस्ट राकेश वैष्णव ने "बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजनान्तर्गत" 12 वें सप्ताह की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में गुड

■ राकेश वैष्णव ने बच्चों को "गुड टच-बैड टच" के बारे में बताया

टच-बेड टच, बाल विवाह रोकथाम, कन्या भ्रूण हत्या, 'उडान योजना' आदि के बारे में जानकारी दी। वर्तमान में बालिकाओं को मोबाइल के सदुपयोग व दुरूपयोग, के बारे बताते हुए कहा कि मिशन शक्ति की योजनाएं, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए है। कार्यक्रम में 450 बालिकाएं उपस्थित रही। महिला सुपरवाईजर ममता पाटीदार ने वन स्टॉप सेन्टर (सखी केन्द्र), इन्दिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन विभागीय योजना, नि:शुल्क कम्प्यूटर कोर्स एवं शिक्षा सेतु योजनान्तर्गत षिक्षा से वंचित बालिकाओं को षिक्षा से जोडने के बारे में जानकारी दी। महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र (पुलिस थाना सागवाडा) की परामर्शदाता मनीषा पण्ड्या और शीतल व्यास द्वारा बालिकाओं व महिलाओ को उनके संदर्भ मे बनाए गए नये कानूनों, लैंगिक उत्पीडन, घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाईन नम्बर 181, चाईल्ड लाईन नंबर 1098 आदि के बारे में जानकारी दी।

जिले में 2 लाख से अधिक सदस्य बनाएगी भाजपा : बारहठ

राजसमन्द, (निसं)। पूरे देश में 1 सितम्बर से भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत राजसमन्द जिले में 2 लाख से अधिक भाजपा के सदस्य बनाये जाएंगे जो कि प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाये जाएंगे। इसके लिए संगठन स्तर पर सारी तैयारियां सदस्यता अभियान संयोजक जवाहरलाल जाट के द्वारा पूर्ण कर ली गई है। जिसकी मॉनिटरिंग भी मेरे और सभी अभियान संयोजक व सह संयोजक द्वारा की जा रही है। जिला मीडिया प्रभारी अरविंदसिंह भाटी ने बताया कि यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कही। प्रेसवार्ता में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, हरिसिंह रावत, जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, महामंत्री गोपाल कृष्ण पालीवाल, सदस्यता अभियान संयोजक जवाहरलाल जाट, महेंद्रसिंह चौहान, महेश पालीवाल, अशोक रांका, सुरेश पालीवाल, अरविंदसिंह भाटी, नर्बदा शंकर पालीवाल, माधवलाल चौधरी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा का सदस्य बनाया। उसके बाद 2 सितम्बर को राजस्थान प्रदेश में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सदस्यता दिलाकर प्रदेश में अभियान की शुरुआत की है। उसके बाद प्रदेश भर में सदस्यता अभियान चालू हुआ। इस सदस्यता अभियान में तीन प्रकार से भाजपा का सदस्य बन सकता है पहला है 8800002024 मिस्डकॉल करके, दूसरा क्यूआर कोड के द्वारा और तीसरा नमो एप के माध्यम से भी भाजपा की सदस्यता ली जा सकती है। इन तीनों प्रक्रिया में एक लिंक आएगा जिसको भरकर सबमिट करना होगा। तभी आपकी सदस्यता की प्रक्रिया पूर्ण होगी।

सार-समाचार

जिला कारागृह का किया निरीक्षण

राजसमन्द, ०(निसं)। जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्राधिकरण सचिव अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 111 बंदी निरुद्ध मिले। नवीन प्रवेशित बंदियो से संवाद किया जिसमें सभी ने अपने प्रकरण में पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त होना बताया। कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का निरूद्ध नहीं पाया गया। चिकित्सक द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना बताया। अग्रवाल ने कारागृह में सजायाफ्ता बंदियों की जानकारी प्राप्त की। बंदियों के मनोरंजन के लिए बैरक में टेलीविजन लगी हुई है तथा सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में हैं। बंदियों से वार्ता करने पर उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने तथा भोजन व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया। इस दौरान जेल उपाधीक्षक हेमन्त सालवी उपस्थित थे। सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने अवैयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन्स के तहत वृद्धाश्रम मोही का निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण सचिव अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार अवैयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन्स के तहत नालसा योजना 2016 (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक व विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी। साथ ही निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय कुल ०8 वृद्धजन उपस्थित मिले।

रक्तदान शिविर आयोजित

बांसवाड़ा, (निसं)। सपना फाउंडेशन, गौ रक्षक दल, बजरंग दल एवं घाटोल प्रतिभा मंच के संयुक्त तत्वावधान में श्री यादे मंदिर परिसर घाटोल में समाजसेवी अमृत निनामा के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में 62 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। अध्यक्षता प्रजापत नवयुवक मंडल से सुरेश प्रजापत ने की जबकि मुख्य अतिथि पीएमओ डॉ खुशपाल सिंह राठौड एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घाटोल नवीन मीणा, वैष्णव समाज अध्यक्ष संजय बसेर, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल धीरावत, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी घाटोल डॉ अंकेश धीरावत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख अशोक पंचाल, डॉ उर्वेश सेठ, विहिप नगर अध्यक्ष विमल लीलावत, शांतिलाल यादव, शरद त्रिवेदी, डॉ अनिल जैन, विनोद किकावत रहे। अतिथियों का स्वागत सपना फाउंडेशन के संस्थापक विश्वंभर मेघवाल ने किया। शिविर में प्रजापत समाज के पूर्व उपाध्यक्ष मगनलाल प्रजापत ने 62 वर्ष की उम्र में रक्तदान किया वहीं हर्ष मीणा ने 24वी बार, मुकेश निनामा ने 16वी, समाजसेवी अमृत निनामा ने 15वी, रोहन कुमार राणा ने 13वीं, निलेश डिंडोर ने 15वीं, करण पाटीदार ने 12वी, पियूष पटेल ने 7वी, ईश्वर बुनकर ने 6ठी, विक्रम प्रजापत ने 5वी, नरेश यादव व शिक्षक शीतल मेहता ने चौथी बार तथा सुरेश प्रजापत, रणछोड पाटीदार, भानु पाटीदार एवं घनश्याम आचार्य ने पहली बार रक्तदान किया। घाटोल प्रतिभा मंच से जैकी कंसारा, विशाल सेठिया तथा गायत्री परिवार से ज्योतिका उपाध्याय ने रक्तदान कर प्रेरित किया।

ग्रीन श्यामपट्ट बोर्ड किया भेंट

राजसमन्द, ०(निसं)। राउप्रावि कांकरोली द्वितीय की लेवल टू की अध्यापिका ऋतु शर्मा ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की शैक्षिक गतिविधि की कमी को दूर करने के लिए विद्यालय में एक ग्रीन श्यामपट्ट भेंट किया। प्रधानाध्यापक चुन्नीलाल भील ने बताया कि शैक्षिक गतिविधि में ग्रीन श्यामपट्ट बोर्ड की कमी स्टाफ साथियों के सामने उजागर हुई तो लेवल द्वितीय की अध्यापिका ऋतु शर्मा ने देने की घोषणा की। बुधवार को सभी छात्र -छात्राओं, विद्यालय स्टाफ को एक ग्रीन श्यामपट्ट सुपुर्द किया गया।

राम रेवाडी का नगर भ्रमण आज

बांसवाड़ा, (निसं)। बुनकर समाज घाटोल की ओर से भादवा दूज पर गाजे-बाजे व भजन कीर्तन के साथ राम रेवाडियों को नगर भ्रमण कराया जायेगा। बुनकर विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष मांगीलाल बुनकर ने बताया कि राम रेवाडी घाटोल मुख्य मार्ग से होते हुए पोस्ट ऑफिस चौराहा, सदर बाजार से बस स्टैंड से अंबा माता मंदिर पहुंचेगी जहां भजन-कीर्तन एवं आरती के आयोजन होंगे एवं बाबा रामदेव मंदिर में देश में अमन-चौन खुशहाली की कामना कर पूणार्हुति व महाप्रसादी का आयोजन होगा।

सांसद मेवाड ने ली भाजपा की सदस्यता

राजसमन्द, ०(निसं)। सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत बुधवार को पुन: भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महिमा कुमारी मेवाड ने कहा कि आप सब भी 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके भाजपा परिवार के सदस्य बन सकते हैं। सांसद ने भाजपा की सदस्यता लेने का आमजन से आव्हान करते हुए कहा कि प्रजातंत्र की प्रक्रिया सदस्यता अभियान में भाग लेकर देश के प्रति अपने कर्तव्य का निवारण करते हुए देश की प्रगति में हाथ बटाएं।

साधारण सभा की बैठक कल

राजसमन्द, ०(निसं)। पंचायत समिति राजसमंद की साधारण सभा की बैठक पंचायत समिति प्रधान अरविन्दसिंह राठौड की अध्यक्षता में शुक्रवार को दोपहर 1 बजे राजसमंद पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगी। विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि साधारण सभा में गत् बैठक में लिए गए निर्णय पर विभागवार अनुपालना प्रतिवेदन पर चर्चा, रेलवे द्वारा ब्रोडगेज विस्तार के लिए कुंवारिया मेला ग्राउण्ड के पास चाही गई जमीन की एनओसी सहित विभिन्न विकास कार्यो के मुद्दो पर चर्चा की जाएगी।

भगवान महावीर का जन्म वाचन महोत्सव धूमधाम से मनाया

डूंगरपुर, (निसं)। पर्युषण पर्व के पांचवे दिन भगवान महावीर के गर्भ में आने से पूर्व माता त्रिशला द्वारा देखे गये चौदह स्प्न को लेकर शास्त्रों में कल्पसूत्र वाचन के माध्यम से उसका चित्रण किया गया है जिसमे प्रभु के गर्भ में आते ही पूरी कायनात हैर्ष विभोर हो जाती है। धरती का कण-कण खिल उठता है।

यह बात चार्तुमास विराजित मुनि रत्नसागर एवं पवित्र रत्न सागर जी ने कल्पसूत्र वाचन के दौरान बुधवार को नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवचन हॉल में व्याख्यान के दौरान कही। उन्होंने कहा

■ पर्युषण पर्व की धूम से वागड अंचल हुआ सरोबार

कि भगवान का जन्म ही संसार में सद्कर्मो का आगमन होता है और प्रभु महावीर ने तो जीव मात्र के प्रति दया का भाव जाग्रत करने का संदेश दिया था। और उसी के अनुरूप हमें अपने कर्मो को निरूपित करना होगा ताकि सृष्टि में चहूंओर शांति और सद्भाव बना रहे। वही दूसरी ओर संभवनाथ उपाश्रय में चार्तुमास विराजित दर्शरेखा श्रीजी आदि ठाणा-4 के सानिध्य में जन्म वाचन सम्पन्न हुआ।

जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ व हुमड संघ के पर्युषण महापर्व के दौरान बुधवार को आज पांचवें दिन भगवान

महावीर जन्म वाचन के तहत ओटो स्थित नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवन हॉल में स्वप्न उतारते।

महावीर के जन्म वाचन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बुधवार दोपहर में कल्पसूत्र का वाचन प्रारंभ हुआ तथा इसके पश्चात भगवान महावीर के माता त्रिशला के गर्भ में आने से पूर्व देखे गये चौदह स्पप्नों की बोली बोली गई जिसमे धर्म प्रेमियों ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। इन सभी स्पनों को लाभार्थी परिवारों द्वारा उतारा गया। इसके पश्चात अक्षत: उछाल कर तथा श्रीफल वधेर कर जन्म कल्याण के गीत गाये गये। साथ ही प्रभु महावीर का झुला झुलाते हुए महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। इसके पश्चात गरबा रास खेला गया तथा भगवान की मंगल आरती लाभार्थी परिवारों द्वारा उतारी गई। पर्युषण महापर्व के दौरान शहर के घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर, महावीर स्वामी मंदिर, शांतिनाथ मंदिर,आदिनाथ मंदिर, नैमिनाथ मंदिर, तथा न्यू कॉलोनी स्थित संभवनाथ मंदिर में केशरपूजा व स्नात्र पूजा के कार्यक्रम सम्पादित हुए इसके पश्चात शाम को प्रतिक्रमण व भक्ति के कार्यक्रम आयोजित हुए। आज घाटी स्थित महावीर स्वामी मंदिर में भगवान महावीर की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। बनकोडा में अजीतनाथ जैन उपाश्रय व चन्द्रप्रभु स्वामी जैन उपाश्रय में जन्म वाचन महोत्सव मनाया। जिले के पुनाली, पूंजपुर, बडौदा, आसपुर,ध्ाबराना, वरदा, सागवाडा, बोडीगामा, सहित विभिन्न गांवो में भीमहावीर जन्म वाचन महोत्सव धूमधाम से मनाया।

ज्ञापन सौंपा

डूंगरपुर, (निसं)। देश की आजादी के पूर्व अंग्रेजों द्वारा आदतन अपराधी घोषित कर दिया जब कि विमुक्त, घुमंतु और अर्थ घुमंतु जनजातियों द्वारा देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन इस समुदाय की पिछले इतने वर्षो से कोई संभाल लेने वाला नहीं है। यह डीएनडीटीएस वर्ग निम्न मांगों को लेकर संघर्षशील है,लेकिन अभी तक किसी भी सरकार ने इन वर्गों को अन्य समुदाय के समकक्ष लाने का कार्य नही किया गया है। जबकि सरकार बनाने में इन वर्गों का विशेष योगदान रहा है।

वर्तमान में केंद्र एवं राजस्थान में डबल इंजन की सरकार है और इस डबल इंजन की सरकार से इन वर्गों को समाज की मुख्य विचारधारा में लाने हेतु निम्न मांगों पर सरकार द्वारा विचार किया जाए और इन मांगों को पूर्ण कर राहत प्रदान की जाए। अनुसूचित क्षेत्र में विमुक्त,घुमंतू और अर्ध घुमंतु जाति के लोगों की आर्थिक स्थिति को ध्यान रखते हुए जो आमतौर पर एसटी व एसटी से बदतर है अनुच्छेद 341 व 342 के तहत विमुक्त, घुमंतू अर्ध घुमंतु, रेबारी, बंजारा, खानाबदोश जाति जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल या उसके समक्ष मानकर1० प्रतिशत शैक्षणिक, राजनीतिक आरक्षण का लाभ दिया जाए जिससे इस डीएनडीटीएस रेबारी, बंजारा खानाबदोश जातियों का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक उत्थान हो सके। डीएनडीटी समुदाय के लिए शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए टीएसपी क्षेत्र में पृथक से तहसील स्तर पर आवासीय विद्यालय व छात्रावास खोले जाए।

विद्यार्थियों को मिट्टी की प्रतिमा बनाना सिखाया

बांसवाड़ा में राष्ट्र सेविका समिति व विद्या निकेतन बागीदौरा के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देती प्रशिक्षिका।

बांसवाड़ा, (निसं)। राष्ट्र सेविका समिति व विद्या निकेतन बागीदौरा के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण व जल संरक्षण के परिप्रेक्ष्य में अपनी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक संस्कारों को बच्चों में हस्तांतरित करने तथा कौशल विकसित करने के उद्देश्य से मिट्टी के हस्तनिर्मित गणेशजी बनाने की कार्यशाला व प्रतियोगिता का आयोजन विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय बागीदौरा में किया गया।

प्रतियोगिता में विद्यालय व नगर के 125 विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। आज जो प्रतिमाएं बच्चों ने बनाई है उनका कल श्रृंगार किया जाएगा। इन्हीं प्रतिमाओं को चतुर्थी के दिन अपने घरों में स्थापित किया जाएगा। कार्यशाला में सेविका समिति की भाविक सोनी व आयुष रावल ने विद्यार्थियों को प्रतिमा बनाना सिखाया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका पूनम सोलंकी ने बताया कि अधिकांश लोग घरों में पीओपी या धातु की बनी प्रतिमाओं को स्थापित कर पूजन व विसर्जन करते है और यह बाजार में सहजता से मिल भी जाती है लेकिन पीओपी की प्रतिमा विसर्जन के पश्चात पानी को प्रदूषित करती है, पानी में रहने वाले जीवों को नुकसान पहुंचाती है। यदि सभी अपने घरों में मिट्टी या गोबर से बनी प्रतिमाएं स्थापित करें तो पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होगा व बच्चों में सृजनशीलता व कौशल विकास भी होगा। निरंजन दवे ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष अपने हाथ से मिट्टी की प्रतिमा बनाकर स्थापना करने का संकल्प भी लिया। कार्यशाला में महेन्द्र प्रजापत, हिनल पटेल, शुभम पाटीदार ने सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षकों का स्वागत परेश बुनकर ने किया।